Since 1997

# GURU NANAK GIRLS' P.G. COLLEGE

Hiran Magri Main Rd, Sector 4, Udaipur, Rajasthan 313002



Issue Ist

# "SPECTRUM"

(July to September 2024)

## THE QUARTERLY NEWS LETTER OF GNGC



*I am delighted to learn that GNGC is launching a quarterly newsletter. This newsletter will showcase various academic, non-academic, and cultural activities. It will serve as a platform for faculty members and students to exhibit their talents and literary skills. Additionally, it will play a crucial role in raising public awareness about the initiatives and achievements of GNGC. My best wishes for the success of this commendable endeavour.*

**Chiranjiv Singh Grewal, President**



*Congratulations on the launch of GNGC quarterly newsletter! This remarkable initiative will undoubtedly serve as a beacon of creativity, inspiration and connectivity for your vibrant community. May this newsletter thrive as a platform that showcases achievements, fosters learning and strengthens the bond among students, faculty and alumni.*

**Ajit Singh, Pahwa, Vice President**



*With the blessings of Shri Guru Nanak Dev Ji, it is a matter of great joy that GNGC is launching a quarterly newsletter. This publication will highlight the college's literary, cultural sports, and other activities, serving as a bridge to connect the student community and the academic fraternity. I am confident that this initiative will contribute significantly to the holistic development of students. My heartfelt congratulations to the entire team behind this effort.*

**Amarpal Singh Pahwa, Secretary**



*My heartiest congratulations for launching a quarterly newsletter. May it become a dynamic platform to celebrate achievements, share insights and strengthen connections within your community. Wishing you great success as this initiative inspires and unties students, faculty and alumni with every edition.*

**Narendra Singh Pahwa, Joint Secretary**



*Seeking the blessings and !earnings from Sh. Guru Nanak Dev Ji, the college is geared up to come with the first Newsletter of its own. The newsletter encapsulate various academic as well as cultural events organised by Guru Nanak Girls' PG College, Udaipur. It showcases the achievements and accomplishments of the students and the faculty members.*

**Prof. Anil Kothari, Principal**









# महाविद्यालय गतिविधियाँ

1. दि. 12.7.2024 एक पेड़ माँ के नाम के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपड़ किया गया।



2. दि. 13.7.2024 वाणिज्य एवं प्रबन्ध संकाय के अन्तर्गत साप्ताहिक गतिविधियों में सोशल मीडिया का युवा पीढ़ी पर प्रभाव विषय पर छात्राओं द्वारा सामूहिक चर्चा की गई।
3. दि. 20.7.2024 साप्ताहिक गतिविधियों के अन्तर्गत प्राचार्य प्रो. अनिल कोठारी द्वारा बी.कॉम एवं बी.बी.ए. के महत्व पर अपने विचार व्यक्तकिये।
4. दि. 27.7.2024 कला संकाय में रोजगारोन्मुखी बहुआयामी अवसर है विषय पर प्राचार्य अनिल कोठारी ने वक्तव्य दिया है।
5. दि. 29.7.2024 नवागंतुक छात्राओं के लिए ओरिएन्टेंशन क्रार्यक्रम का आयोजन किया गया।



6. दि. 3.8.2024 साप्ताहिक गतिविधियों के अन्तर्गत मुख्य वक्ता डॉ. सुनील दलाल द्वारा बजट 2024 विषय पर व्याख्यान दिया।
7. दि. 7.8.2024 – मुख्यमंत्री वृक्षारोपण अभियान के तहत हरियाली तीज पर राष्ट्रीय सेवायोजना द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया
8. दि. 10.8.2024 महाविद्यालय में सावन उत्सव मनाया गया तनिष्का तथा खुशी मिस सावन क्वीन बनी।



9. दि. 12.8.2024 शिक्षा संकाय के समाजोपयोगी उत्पादक कार्य शिविर का शुभारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. सतीश आचार्य थे।
10. दि. 12.8.2024 से 17.8.2024 तक संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताएँ कराई गई।
11. दि. 13.8.2024 शिक्षा संकाय के एस.यू.पी.डब्ल्यू. शिविर के अन्तर्गत एकलिंगपुरा गाँव में ग्रामीण जागरूकता पर्यावरण संरक्षण रैली निकाली गई।
12. दि. 14.8.2024 शिक्षा संकाय में चल रहे एस.यू.पी.डब्ल्यू. शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया।मुख्य अतिथि योगगुरू श्री देवेन्द्र अग्रवाल थे।



13. दि. 16.8.2024 स्वतन्त्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। अतिथि श्री इन्द्रपाल सिंह सच्चर, श्री डी.एस. पाहवा एवं श्री अमरपाल सिंह पाहवा थे।
14. दि. 24.8.2024 अंतर विद्यालय रंग दे बसन्ती देशभक्तिगान प्रतियोगिता हुई जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 90 छात्राओं ने भाग लिया।
15. दि. 27.8.2024 शिक्षा संकाय के अन्तर्गत जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया।
16. दि. 5.9.2024 शिक्षक दिवस मनाया गया।



17. दि. 6.9.2024 इतिहास विभाग की 80 छात्राओं ने प्रताप गौरव केन्द्र का भ्रमण किया।
18. दि. 9.9.2024 राष्ट्रीय सेवा योजना की नवागंतुक छात्राओं का प्राचार्य प्रो. अनिल कोठारी ने प्रेरणास्पद उद्‌बोधन दिया।
19. दि. 14.9.2024 हिन्दी सप्ताह का शुभारम्भ हुआ।
20. दि. 17.9.2024 हिन्दी सप्ताह के अंतर्गत स्वाभिमान की भाषा है हिन्दी विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित कराई गई।
21. दि. 17.9.2024– बी.एससी द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं ने माइक्रोबाइलोजी एवं बायोटेक्नोलोजी विभाग का भ्रमण किया।



22. दि. 19.9.2024 हिन्दी सप्ताह के अन्तर्गत श्रुति लेखन, आशुभाषण, स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई।
23. दि. 20.9.2024 एन.सी.सी. छात्राओं की चयन प्रक्रिया हुई
24. दि. 21.9.2024 हिन्दी सप्ताह के समापन समारोह के मुख्य वक्ता डॉ. नवीन नंदवाना,

सह-आचार्य, हिन्दी विभाग, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय थे।

25. दि. 22.9.2024 राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वच्छता पखवाड़े के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई

26. दि. 24.9.2024 राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया।

27. दि. 26.9.2024 राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा स्वच्छता सप्ताह अभियान के तहत चाणक्यपुरी पार्क में सफाई की गई।

28. दि. 27.9.2924 वूमेन सेल द्वारा छात्राओं को इंफ्रा मेडी एक्सपो में भ्रमण कराया गया।

29. दि. 28.9.2024 राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सद्भावना सेवा फाउन्डेशन के संयुक्ततत्वाधान में पर्यावरण एवं स्वच्छता संबंधित कार्यक्रम रखा गया।

30. दि. 30.9.2024 गुरूनानक महाविद्यालय महिन्द्रा प्राइड क्लासरूम एवं नांदी फाउन्डेशन के सहयोग से छः दिवसीय रोजगार परक कार्यशाला का समापन हुआ। मुख्य प्रशिक्षका कनिका मिश्रा थी।

31. दि. 30.9.2024 विज्ञान संकाय की छात्राओं ने सरस डेयरी का भ्रमण किया।





## संकाय सदस्यों की उपलब्धियाँ

1. सितम्बर 2024 अक्षरा मल्टीडिस्प्लिनरी रिसर्च जनरल 155-2582-5429 में डॉ. स्वाती भाटी डॉ. अनुराधा मालवीया, डॉ. अनीता पालीवाल का संयुक्तशोध पत्र प्रकाशित ।

2. डॉ. स्वाती भाटी, विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र की शोधार्थी प्रेमलता मेनारिया की पी.एच.डी. थीसिस सबमिट हुई।

3. डॉ. रश्मि मनोज विभागाध्यक्ष को 1 सितम्बर को पी.एचडी की उपाधि प्रदान की गई। गृहविज्ञान के अन्तर्राष्ट्रीय रिसर्च जनरल में इनके दो शोध पत्र प्रकाशित हुए।

4. दि. 31 अगस्त 1 सितम्बर, डॉ. सिम्मी सिंह, विभागाध्यक्ष हिन्दी विभाग ने श्री लक्ष्मीनारायण देव संस्कृत पाठशाला वड़ताल, संस्कृत विभाग सरदार पटेल विश्वविद्यालय एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद आनंद की गुजरात इकाई द्वारा आयोजित भारतीय नारी: गौरव गरिमा और महिमा विषयक दो दिवसीय महिला सम्मेलन में पत्रवाचन किया। विषय- मैथिली शरण गुप्त के साकेत में नारी वैशिट्य वर्णन।

   आई एस बी एन नंबर पुस्तक महिमा प्रभु श्रीराम की में शीर्षक तुलसी भरोसे राम के निर्भय होकर सोय-आलेख प्रकाशित ।

   आईएसएसएन नम्बर अलवर से प्रकाशित जगमग दीपज्योति पत्रिका में राम, रामायण और उत्तरकाण्ड शीर्षक से आलेख प्रकाशित ।

5. दि. 11-12 सितम्बर डॉ. भगवती नागदा विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी, इतिहास एवं संस्कृत विभाग, सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय में पत्रवाचन विषय-मूर्तिकला में अभिव्यक्त पार्थिव जगत: मेवाड़ के विशेष संदर्भ।

6. दि. 19-20 सितम्बर डॉ. रोड़सिंह देवड़ा विभागाध्यक्ष भूगोल का बदलाव संस्थान द्वारा आयोजित दो द्विवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में पत्र-वाचन विषय मेवाड़ के जल संसाधनों के संरक्षण में समाज की भूमिका ।

7. डॉ. सोनिका गुर्जर विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग ने सात दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय वर्कशॉप में प्रतिभागिता की।

8. मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सेन्टर द्वारा आयोजित 14 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स में शिक्षा संकाय सदस्यों द्वारा प्रतिभागिता की गई।

9. छवि नेशनल जनरल ऑफ हायर एजूकेशन ISSN-2319-9679 में डॉ. हर्षलता









पण्ड्या, डॉ. डिम्पल कौर, श्रीमती दिव्या जैन, डॉ. रंजना आमेटा के शोधपत्र प्रकाशित ।

10. दि. 28-29 सितम्बर शिक्षा संकाय सदस्यों द्वारा CTPDCON- द्वारा आयोजित द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में प्रतिभागिता की।

11. डॉ. रंजना आमेटा विभागाध्यक्ष शिक्षा संकाय कौंसिल ऑफ एजूकेशन एडमिनिस्ट्रेशन एण्ड मैनेजमेन्ट की सदस्य बनी।

12. डॉ. डिम्पल कौर की पुस्तक प्रकाशित शीर्षक। किशोरों की प्रसन्नता को प्रभावित करने वाले कारक।

13. अगस्त 2024 डॉ. हर्षलता पण्ड्या का भारतीय संस्कृति के चार स्तम्भ पुस्तक में शीर्षक तुलसीदास की भक्तिभावना, चैप्टर प्रकाशित

- भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित भारतीय ज्ञान परम्परा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 सेमीनार के पत्रवाचन।


14. दि. 27-28 सितम्बर 2024 को डॉ. सपना जैन, डॉ. भावना शर्मा एवं श्रीमती मनदीप कौर, संकाय सदस्य विज्ञान विभाग ने अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुत किया।






# प्लेसमेन्ट

## बी.बी.ए. छठे सेमेस्टर की छात्राएं प्रांजल जैन तथा जान्हवी सुथार का इन्डेक्स कम्पनी में चयन हुआ।




कविताएं लिखती हूं
कवयित्री हूं मैं
भावनाओं को समझती हूं
हृदयेश हूं मैं
शब्दों में दिल का हाल-पिरोती हूं
मंजूषा हूं मैं
कविता के रंगों से चित्र बनाती हूं
चित्रकार हूं मैं
कागज कलम से मित्रता गहरी है
सृजनकार हूं मैं
पुस्तक में सूखे गुलाब संजोती हूं
स्मृतिकार हूं मैं
अंतरमन में भावों को पढ़ने वाली
एक कवयित्री हूं मैं
अल्फाजों के भीतर भावों को भरती
रंगकर्मी हूं मैं
मेरी कविताओं में जिंदा हूं
एक कवयित्री हूं मैं।

**रिया लोहार**
एम. ए., प्रथम सेमेस्टर

## लक्ष्य प्राप्ति (लघुकथा)

एक किसान के घर एक दिन उसका कोई परिचित मिलने आया। उस समय किसान घर पर नहीं था। उसकी पत्नी ने कहा कि वह खेत पर गए हैं मैं बच्चों को बुलाने के लिए भेजती हूं। कुछ ही देर में किसान खेत से अपने घर आ पहुंचा उसके साथ उसका पालतू कुत्ता भी आया। कुत्ता जोरों से हांफ रहा था। उसकी हालत देख मिलने आए व्यक्तिने किसान से पूछा- क्या तुम्हारा खेत बहुत दूर है ? किसान ने कहा- नहीं पास ही है ? व्यक्ति ने कहा तुम और यह कुत्ता साथ साथ आए लेकिन तुम्हारे चेहरे पर तनिक थकान नहीं है जबकि कुत्ता बुरी तरह से हांफ रहा है ऐसा क्यों ? किसान ने कहा मैं सीधे रास्ते से चलकर आया हूं, मगर कुत्ता अपनी आदत के कारण आसपास दूसरे कुत्ते देखकर उनको भगाने के लिए उनके पीछे दौड़ता था और भोंकता था फिर वापस मेरे साथ आ जाता था। अपनी इसआदत से कारण वह थक गया। यही स्थिति आज के इंसान के भी है जीवन के लक्ष्य तक पहुंचना यूं तो कठिन नहीं है लेकिन राह में मिलने वाले कुत्ते ( व्यक्ति) उसके जीवन के सीधी सरल राह से उसको भटका रहे हैं। इंसान अपने लक्ष्य से भटक रहा है और यह भटकाव ही इंसान को थका रहा है। उसकी ऊर्जा को रास्ते में मिलने वाले कुत्ते ( व्यक्ति) बर्बाद कर रहे हैं इसलिए सफलता के लिए सही समय की नहीं सही निर्णय की आवश्यकता है। प्रेम दुर्लभ है उसे पकड़ कर रखें, क्रोध खराब है उसे दबा कर रखें भय बहुत भयानक है उसका सामना करें और स्मृतियां बहुत सुखद हैं उन्हें संजो कर रखें जो प्राप्त है वह पर्याप्त है सदैव प्रसन्न रहे।

**डॉ. हर्षलता पंड्या**
व्याख्याता शिक्षा संकाय

## संघर्ष की तपिश



दीपा मलिक
पैरा एथलीट

पैरा एथलीट दीपा मलिक के पिता और भाई सेना में थे। 5 साल की उम्र में उन्हें ट्यूमर का पता चला और 30 वर्ष की उम्र में सर्जरी के पश्चात कमर के नीचे का हिस्सा लकवा ग्रस्त हो गया उसके बाद उन्होंने खेलों में रुचि विकसित की। शॉटपुट,जैवलिन थ्रो, तैराकी मोटर रेसलिंग में भारत का प्रतिनिधित्व किया। 2016 पैराओलंपिक में रजत पदक जीतकर विभिन्न पुरस्कार प्राप्त किये तथा भारत सरकार द्वारा पद्मश्री की उपाधि से सम्मानित किया।



डॉ. सिम्मी सिंह चौहान
संपादक



डॉ. सोनिका गुर्जर
सह संपादक

www.copldigital.com-1416